श्री बंशीधर नगर, सोमवार
09.12.2024
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष नवमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 106

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:26 बजे
अस्त - 05:09 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 24 डिग्री से.
न्यूनतम : 15 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

करायेगा 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह >> पेज 03
सुभाष घई बीमार, लीलावती अस्पताल में भर्ती : पेज 04

**सुविचार**

आनंद वहां नहीं है, जहां धन मिले, आनंद तो वहां है, जहां मन मिले!

**न्यूज अपडेट्स**

### मुख्यमंत्री आवास में मंत्रियों और विधायकों की बैठक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में रविवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में सत्ता पक्ष के मंत्रियों और विधायक दल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नौ दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक आहूत षष्ठम विधानसभा के प्रथम सत्र के संदर्भ में सत्ता पक्ष की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया।

### विस परिसर की 200 मीटर परिधि में रहेगी निषेधाज्ञा

**रांची।** षष्ठम झारखंड विधानसभा का प्रथम सत्र 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान रांची डीसी और एसएसपी के संयुक्तादेश पर विधानसभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सदर एसडीओ ने बीएनएसएस की धारा-163 के झारखंड विधानसभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की है। यह निषेधाज्ञा 9 दिसंबर के सुबह आठ बजे से 12 दिसंबर की रात दस बजे तक के लिए लागू रहेगा। इस दौरान उस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र जैसे-बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलने, किसी प्रकार का धरना-प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने के साथ किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना वर्जित रहेगा।

**विधानसभा** छठी झारखंड विधानसभा का पहला सत्र आज से

# शपथ के बाद अनुपूरक बजट

बंशीधर न्यूज

**रांची :** झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र 9 दिसंबर से शुरू हो रहा है। 12 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र की तस्वीर कई मायनों में पहले से अलग होगी। सत्र के पहले दो दिन के कार्य दिवस में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी शपथ दिलाएंगे।

### सभी विधायक लेंगे शपथ

12 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के पहले दो दिन के कार्यदिवस में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। इन्हें प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी शपथ दिलाएंगे। दूसरे दिन 10 दिसंबर को विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विधानसभा के नए अध्यक्ष का चुनाव होगा।



### किशोर पेश करेंगे अनुपूरक बजट

11 दिसंबर को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण होगा। इसके बाद सरकार की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर चालू वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेंगे। सत्र के अंतिम कार्यदिवस में 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा और अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद होगा।

### 20 विधायक पहली बार विधानसभा पहुंचे

यह पहली विधानसभा है, जब सत्ता पक्ष के सदस्यों की संख्या सदन की कुल संख्या की दो तिहाई होगी। इस बार सदन में 20 यानी करीब एक चौथाई विधायक ऐसे होंगे, जो पिछली विधानसभा का हिस्सा नहीं थे। विधानसभा में चार पार्टियों का एकल प्रतिनिधित्व होगा। जदयू, लोजपा (आर), आजसू पार्टी और जेएलकेम के एक-एक विधायक जीतकर सदन में पहुंचे हैं।

### पहले सत्र में नेता प्रतिपक्ष नहीं

विधानसभा के पहले सत्र में नेता प्रतिपक्ष भी संभवतः नहीं होगा, क्योंकि प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने विधायक दल के नेता का चुनाव नहीं किया है। विधानसभा की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के विधायक भी बगैर नेता के सदन में दिखेंगे, क्योंकि पार्टी के विधायक दल के नेता का चुनाव नहीं हो पाया है।

### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**रांची।** विधानसभा सत्र नौ दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 12 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक ना हो, इसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में चार आईपीएस, 12 से अधिक डीएसपी रैंक के अधिकारी सहित 2000 अतिरिक्त पुलिस जवान की तैनाती की गई है। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हर ट्रैफिक पोस्ट पर भी अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी है, जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि विधानसभा सत्र को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

**झारखंड में बढ़ेगी ठंड, बारिश की संभावना**

## गढ़वा में सर्वाधिक ठंड



बंशीधर न्यूज

**रांची।** राज्य में दिन-प्रतिदिन ठंड बढ़ती जा रही है। आने वाले तीन दिनों में कंपकंपी बढ़ेगी। मौसम विभाग ने इसको लेकर अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिनों में पांच डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार नौ दिसंबर को गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड़ में ठंड बढ़ेगी। साथ ही कोहरा भी छाया रहेगा। सोमवार को आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। हल्के मध्यम दर्जे की बारिश की भी संभावना जताई गई है। राज्य के तीन जिलों का पारा लुढ़क कर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम हो गया है। इसमें देवघर, गढ़वा और हजारीबाग शामिल है। गढ़वा में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि आज से बादल रहने की संभावना है। नौ दिसंबर को राज्य के कुछ जगहों पर बारिश होने की आशंका है। दस दिसंबर से फिर से आसमान साफ होने का अनुमान है लेकिन सुबह में कोहरा होगा। इससे तापमान गिरेगा और फिर से 10 दिसंबर से ठंड और बढ़ेगी।

## रक्षा राज्यमंत्री धमकी मामला : बेटी के बॉयफ्रेंड को फंसाने के लिए पिता ने रची थी साजिश

**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। दिल्ली पुलिस ने रांची पुलिस के सहयोग से एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि कांके थाना क्षेत्र स्थित रहने वाला मिनाजुल नाम के व्यक्ति ने अपने बेटी के बॉयफ्रेंड मोईज को फंसाने के लिए मोईज के नाम से इश्यू सिमकार्ड से संजय सेठ के मोबाइल पर धमकी दिया था।



इस मामले में पुलिस मिनाजुल को गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मिनाजुल की बेटी का मोईज नाम के लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस वजह से मिनाजुल हमेशा नाराज रहता था। मोईज ने लड़की को एक मोबाइल और अपने नाम से एक सिम कार्ड भी दिया था। इसी दौरान मिनाजुल ने मोईज को फंसाने के नियत से अपनी बेटी के मोबाइल से सांसद को धमकी दे दिया। दिल्ली पुलिस की टीम जांच के लिए रांची पहुंची थी। शनिवार को रांची पहुंचने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम कांके थाना क्षेत्र स्थित होचर गई थी। गौरतलब है कि अज्ञात अपराधियों के जरिये रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को लाल सलाम के साथ संदेश भेजा गया है। इतना ही नहीं रंगदारी नहीं देने पर संजय सेठ को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। धमकी वाला मैसेज उनके मोबाइल नंबर पर आया है। मैसेज भेजकर उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। संजय सेठ रांची सांसद होने के साथ-साथ देश के रक्षा राज्य मंत्री भी हैं। पुलिस को रक्षा राज्य मंत्री के द्वारा दी गई सूचना के बाद इस मामले में जांच शुरू कर दी गई। साथ ही झारखंड डीजीपी को अवगत करा दिया गया था।

## टॉल कर्मियों ने सीओ को रोका, एफआईआर

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कौवाखोह स्थित टॉल प्लाजा कर्मियों के जरिए सरकारी कार्य में बाधा डालने पर अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने रविवार को हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सीओ ने एफआइआर में दुर्व्यवहार का भी आरोप लगाया है। आवेदन मिलने पर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने एफआइआर दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में शनिवार को जिला स्तरीय



खनन टास्क फोर्स की बैठक में अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में कौवाखोह के पास स्थापित टॉल प्लाजा में सीओ की गाड़ी को अनावश्यक रूप से रोका गया। परिचय देने के बाद भी टॉल कर्मियों ने उनकी एक न सुनी। उल्टे दुर्व्यवहार पर उतारू हो गए हैं। हालांकि इसके बाद भी बैठक को महत्वपूर्ण मानते हुए अंचलाधिकारी टॉल गेट को खोलकर आगे बढ़े, परंतु टोल कर्मियों ने गेट बंद कर उन्हें जाने से रोका। करीब 20 मिनट तक सीओ की गाड़ी को रोके रखा। इस कारण अंचलाधिकारी बैठक में देर से शामिल हुए। सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि टोल कर्मी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। सरकारी कार्य में बाधा डाला। खुद को अंचल अधिकारी बताकर परिचय भी दिया, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी और दुर्व्हार किया।

**भाजपा विधायक दल की बैठक में बनी कई रणनीति, बाबूलाल ने कहा**

# सशक्त प्रतिपक्ष की भूमिका निभायेगी भाजपा

बंशीधर न्यूज

**रांची।** विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक रविवार को हुई। बैठक में सत्ता पक्ष को घेरने की कई रणनीति बनी।

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा विधायक पार्टी के चेहरे होते हैं। उन्हें जनता की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरना है, साथ ही जनमुद्दों पर सदन से सड़क तक संघर्ष भी करना है। भाजपा



विधायक एक सशक्त प्रतिपक्ष की भूमिका निभाएंगे। प्रथम सत्र तो संवैधानिक प्रक्रियाओं को पूरा करने में ही पूरा होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य के विकास के मुद्दों पर सरकार को बाध्य करती रहेगी। राज्य में विकास के साथ विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, महिला सम्मान, भ्रष्टाचार पर सड़क से सदन तक लड़ेगी। पार्टी के विधायकों की भूमिका संगठन में भी महत्वपूर्ण है। सभी विधायक अपनी भागीदारी बढ़ चढ़ कर सुनिश्चित करें। नवनिर्वाचित विधायकों को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावा कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, राज सिन्हा, नीरा यादव, अमित कुमार यादव, मनोज यादव, रौशनलाल चौधरी, प्रदीप प्रसाद, कुमार उज्जवल, नागेंद्र महतो, मंजू कुमारी, रागिनी सिंह, शत्रुघ्न महतो, पूर्णिमा साहू, देवेंद्र कुंवर, आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, प्रकाश राम, सत्येंद्र तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एटीएम कार्ड के साथ दो साइबर अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बाइक से पश्चिम बंगाल की ओर जा रहे दो साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों में सरफराज आलम और सिराज अंसारी है। ये दोनों देवघर जिला के सारठ थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने हॉरनेट बाइक के साथ शिकारीपाड़ा कॉलेज के सामने इन्हें पकड़ा और जब उनकी तलाशी ली गई तो 12 एटीएम कार्ड बरामद हुआ। खास बात यह है कि



बरामद सभी एटीएम कार्ड कई लोगों के नाम से है। दरअसल ये दूसरों के बैंक खातों के एटीएम कार्ड अपने पास रखते और जब साइबर क्राइम से रुपये उड़ाते तो उन खातों में ट्रांसफर कर एटीएम के माध्यम से निकाल लेते। मामले में एसआई आनन्द हेम्ब्रम के बयान पर एफआईआर दर्ज किया गया।

# लोक कला मंच के जिलाध्यक्ष की मां के श्राद्धकर्म में हजारों लोगों ने शामिल होकर दी श्रद्धांजलि



बंशीधर न्यूज

**पाटन :** आकाशवाणी व दूरदर्शन के उम्दा कलाकार व पलामू जिला लोक कला मंच के जिलाध्यक्ष शिशिर कुमार शुक्ला के माता जी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने जिले के पाटन प्रखंड के पाल्हे खुर्द गांव में पलामू प्रमंडल के हजारों गणमान्य लोग पहुंचे। जिसमें मुख्य रूप से पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, जिले के चर्चित समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय, पूर्व लोस प्रत्याशी सह भाजपा नेता प्रभात भुईयां, मनोज सिंह, जिला पार्षद संग्राम सिंह, विद्युत उपभोक्ता संघ के जिलाध्यक्ष भाई गोविंद सिंह, पूर्व जिला पार्षद भोला सिंह, पूर्व मुखिया अखिलेश पांडेय, भाजपा नेता विभाकर पांडेय, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, अविनाश देव, धर्मदेव सिंह यादव, शैलेंद्र कुमार, उपेंद्र मिश्रा, अखिलेश तिवारी, अरुण सिंह, मुकेश सिंह, निर्भय सिंह, संजय सिंह, मिथिलेश सिंह, संतोष तिवारी, अखिलेश पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र शर्मा, मुखिया महाराणा सिंह, दिलीप सिंह, समाजसेवी दया सिंह, मुखिया मनोज चंद्रवंशी, उपेंद्र सिंह, संजय सिंह, अयोध्या सिंह, संजीव सिंह, उपेंद्र मिश्रा, गोरख सिंह, प्रेम सिंह , विनीत सिंह, शिक्षक नेता सुधीर दुबे, लोक कलाकार व्यास शिवकुमार चौधरी, लल्लू मिश्र, विकास, दयानंद तिवारी, रामाश्रय अकेला, वरिष्ठ पत्रकार सह नाटककार सैकत चटर्जी, सूरज मिश्रा, राम श्याम पांडेय, नागेंद्र सिंह, राहुल सिन्हा, गायक दीपक पांडेय, राजमुणि व्यास, तुलसी कुमार, संजय शुक्ला, वचनदेव राम, विजय विश्वकर्मा, प्रमोद ठाकुर, प्रेमगिरी, कमलेश सिंह, उपेंद्र तिवारी, सोनू मिश्रा, उमेश कुमार, तुलसी राम, मुकेश कुमार, विजय पासवान, अजीत मिश्रा, उपेंद्र मिश्रा, पाटन डीलर संघ अध्यक्ष पप्पू सिंह, समाजसेवी जितेंद्र पांडेय, बबलू पांडेय, पाटन थाना प्रभारी लाल जी सहित हजारों गणमान्य लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज अपडेट्स

### मुखिया ने की फांसी लगाकर आत्महत्या



**गढ़वा :** राजेश कुमार मद्धेशिया की पत्नी रंका कला पंचायत की मुखिया सविता देवी 35 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सविता देवी का कुछ दिन से तबीयत खराब थी। मेदिनीनगर के निजी अस्पताल में इलाज भी कराई थी। इलाज के बाद शाम को घर लौटी। उसके कुछ देर बात परिजनों ने देखा कि उनका रुम का दरवाजा अंदर से बंद है। फिर परिजनों ने आवाज लगायी। लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर लोगों ने रूम का दरवाजा खोला तो देखा कि सबिता देवी फंदे से झूल रही है। तत्काल परिजनों ने उसे रंका स्वास्थ्य केंद में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुये बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल रेफर किया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## अपराध

## पांकी के गजबोर लूटकांड का उद्‌भेदन

# चार अपराधी गिरफ्तार



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुये पांकी के गजबोर स्थित कृष्णा सोनी के घर में 24 अक्टूबर को ही लूटकांड में शामिल 3 अपराधियों समेत सामानों की खरीद बिक्री करने वाले सभी अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है। इस कांड में शामिल तीन अपराधी पहले ही जेल जा चुके हैं। इस संबंध में अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि घटना के बाद एक छापामारी टीम का गठन किया गया था। लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में गठित टीम के अनुसंधान के दौरान शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि घटना में संलिप्त संदिग्ध अपराधकर्मी दूब गांव आया हुआ है। इसके बाद उपेन्द्र कुमार उर्फ उपेन्द्र विश्वकर्मा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। साथ ही इस घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों का नाम भी बताया। गिरफ्तार आरोपियों में पांकी थाना क्षेत्र के दुब निवासी सतीश राम उर्फ सतीश चन्द्रवंशी (35) पिता अलियार राम, उपेन्द्र कुमार उर्फ उपेन्द्र विश्वकर्मा (29) पिता राजेन्द्र मिस्त्री, पीपराटांड थाना अंतर्गत पगार खुर्द टोला बेरियाडीह निवासी छोटु कुमार सिंह (24) पिता संतोष सिंह व रांची जिले के सुखदेवनगर थाना अंतर्गत सिमलिया निवासी शत्रुधन कुमार वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक देशी निर्मित एटर हथियार, 7.65 मिमी का दो जिन्दा गोली, काण्ड में लूटे गये सोने का जेवर को गलाकर बनाया हुआ दो छोटा-बडा गोला, एक सोना का अंगूठी, दो जोड़ा नया व एक पुराना जोड़ा चांदी का पायल, लुटा गया दो एण्ड्रॉड मोबाईल, एक एण्ड्रॉड मोबाईल तथा घटना में प्रयुक्त दो लोहे का रड एवं एक हेक्सा कटर बरामद किया है। एसपी ने बताया कि सभी अभियुक्तों का इतिहास अपराधिक रहा है। सतीश राम उर्फ सतीश चन्द्रवंशी पर रांची के सुखदेव नगर, पांकी, सदर (सतरबरवां ओपी), पाटन, लातेहार जिले के बरवाडीह व छोटु कुमार सिंह पर पिपराटांड थाना, लातेहार जिले के बरवाडीह में कई आपराधिक केस दर्ज हैं। वहीं रांची के सुखदेव नगर निवासी शत्रुघन कुमार वर्मा ने लूटे गये सामानों की खरीद बिक्री की थी। उन्होंने बताया कि इस कांड में शामिल अन्य तीन अभियुक्त पांकी के केरकी माड़न निवासी गुड्डू भुईयां उर्फ परमेन्द्र राम पिता कामेश्वर भुईंया आर्म्स एक्ट के मामले में हैरगंज थाना क्षेत्र से जेल भेजा जा चुका है। वहीं लेस्लीगंज के नौरंगा निवासी देवराज भुईंया पिता अयोध्या भुईंया बाईक चोरी के मामले में सदर थाना क्षेत्र से तथा सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोंची गांव निवासी गुलशन कुमार विश्वकर्मा पिता राजेन्द्र विश्वकर्मा चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत क्रेशर पर फायरिंग मामले में पहले ही जेल भेजा जा चुका है। इन तीनों पर भी विभिन्न थाना क्षेत्र में कई आपराधिक केस दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी चारों अभियुक्तों को पांकी थाना काण्ड सं0-134/3024 के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। छापामारी दल में एसडीपीओ के अलावा पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, थाना प्रभारी राजेश रंजन, पुअनि संतोष गिरी, अनुप टोपनो, श्याम भगत, गोपाल कुमार राय समेत थाना के जवान शामिल थे।

## पांडू पुलिस ने बिना कारण बताये एक व्यक्ति को बेरहमी से पीटा, आक्रोश



**विश्रामपुर :** पांडू थाना के थाना प्रभारी कुमार सौरभ व थाने के पुलिस कर्मियों ने रविवार को थाना क्षेत्र के कजरु कला निवासी रामाशीष राम को मुख्य सड़क पर अकारण बेरहमी से पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के द्वारा की जा रही पिटाई का वीडियो क्लिप भी सभी व्हाट्सएप्प ग्रुप में तेजी से वायरल हो रहा है। उधर पुलिस के द्वारा घटना से संबंधित वीडियो बनाने वाले को भी धमकाया जाने की खबर है। इस संबंध में पुलिस की पिटाई से घायल रामाशीष राम ने बताया कि वह अपने खेत तरफ से घूमकर मुख्य सड़क होते हुये अपने घर जा रहा था। इसी दौरान थाना प्रभारी और पुलिस कर्मी ने बिना कुछ बताये उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसने बताया कि वह मारपीट का कारण भी नहीं जानता है और न ही उसकी क्या गलती है जिसके कारण पुलिस उसके साथ ऐसे बर्बरतापूर्ण पिटाई की है। इस घटना को लेकर वहां लोगों में पुलिस की इस तानाशाही रवैया को लेकर काफी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार पुलिस वहां हाईकोर्ट के आदेश के बाद एक अतिक्रमण हटाने गयी थी। सिद्धनाथ पांडेय ने हाईकोर्ट में मामला दायर किया था। कोर्ट से आदेश प्राप्त होने के बाद कजरु कला निवासी ललन राम, बिंदु राम व बिजय राम (तीनों सगे भाई) का घर को प्रशासन की मौजूदगी में गिराया जा रहा था। इसी दौरान रामाशीष राम वहां से गुजर रहे थे। इसी दौरान थाना प्रभारी व पुलिस कर्मी ने बिना कुछ बताये उसके साथ मारपीट करने लगे। जबकि इस मामले से रामाशीष राम को कोई लेना देना नहीं था। जानकारी के अनुसार पुलिस कर्मियों ने ललन राम के घर ध्वस्त करने के दौरान घर की महिलाओं के साथ भी मारपीट व अभद्र व्यवहार की है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस इस सिलसिले में चार महिलाओं को हिरासत में लेकर पांडू थाने ले गयी है। बिंदु राम की बेटी हिरमनिया उर्फ पुनिया की शादी नौ दिसंबर को होना है। बावजूद प्रशासन ने तीनों भाईयों का घर ध्वस्त कर दिया जिससे पूरा परिवार सड़क पर आ गया है। अब शादी कैसे होगी उनके सामने बड़ी समस्या हो गयी है। इस घटना से ललन राम, बिंदु राम व विजय राम का परिवार बेबस व लाचार हो गया है। इस कड़ाके की ठंड में सभी परिवार के सदस्य खुले छत के नीचे रहने को मजबूर हैं। इस मामले को विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने पुलिस की इस घटना की निंदा की है। उन्होंने इस मामले को संज्ञान में लेते हुये एसपी से बात कर पांडू थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। वहीं उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं कि गयी तो वे मुख्यमंत्री व डीजीपी से मिलकर इस घटना में दोषी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग करेंगे। उधर इस संबंध में प्रतिक्रिया लेने के लिये जब थाना प्रभारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने मोबाईल रिसीव नहीं किया।

## झारखंड सरकार के मंत्री ने राजद अध्यक्ष लालू से की मुलाकात



बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड के श्रम और उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने पदभार संभालने के बाद रविवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। साथ ही मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से भी मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और विचार-विमर्श किया। लालू परिवार के नेताओं ने संजय प्रसाद यादव को राज्य हित और जनहित में काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक गरीबों के उत्थान के लिए काम करें। गांव-गांव जाकर गरीबों के दुख-दर्द को समझें और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करें। उन्होंने कहा कि राज्य, समाज और देश के विकास के लिए हमेशा अग्रसर रहना होगा एवं काम के माध्यम से विरोधियों को जबाव देना होगा। संजय प्रसाद यादव के साथ राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने भी मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## जमादार के खिलाफ सोखता के जांच के नाम पर भयादोहन का आरोप

# नगर निगम की कार्यशैली से अंसतुष्ट हैं सुरभि नगर के लोग



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम में स्थित सुरभि नगर में रहनेवाले लोग निगम प्रशासन की कार्यों से संतुष्ट नहीं हैं। आज सुरभि नगर के लोगों ने प्रेसवार्ता कर अपना असंतोष व्यक्त किया और मेदिनीनगर नगर निगम के कर्मियों की कार्यशैली एवं कार्य पर सवाल उठायें। इस दौरान सुरभि नगर के रामप्रवेश सिंह ने बताया कि निगम के द्वारा किसी भी तरह की सुविधा नहीं दी गई है। लोग अपने जमीन को खुद के उपयोग के लिये छोड़ा था, बाद में किसी भी जमीन मालिक से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिये बिना सड़क और नाली का निर्माण कराया गया है। नागरिकों ने यह माना कि सभी की सुविधा के लिए सड़क व नाली है, इसलिये वे चुप रहे। लेकिन निगम बनने के उपरांत सड़क का प्रारंभिक छोर और अंतिम छोर के बीच ढलान होने के कारण बीच में पानी जमा हो जा रहा है। इसके निराकरण के लिये निगम के द्वारा वहां सोखता का निर्माण कराया गया। इसके निर्माण में 9 से 9.5 लाख रुपए खर्च हुये हैं। परंतु नगर निगम की अनदेखी के कारण जल जमाव के इर्द-गिर्द रहने वालों ने सोखता की भरावट कर दी। सड़कों पर भी किनारे स्टोन डस्ट से भरावट कर दिया गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि पीसीसी सड़क और नाली डेड हो गये और पानी का जमाव होने लगा। पानी का यह जमाव वर्षों से हो रहा है लेकिन इसपर नगर निगम का कोई ध्यान नहीं है। श्री सिंह के अलावे अन्य कई लोगों ने सड़क, नाली और सोखता की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों ने आरोप लगाया है कि निगम के जमादार यहां आकर परिवार के पुरूषों की अनुपस्थिति में महिलाओं के बीच बिना किसी सूचना के गेट खोलकर जाकर कानूनी कार्रवाई की धमकी देते हैं। यह बिल्कुल ही अशोभनीय और गैर कानूनी कार्य है। मौके पर हेमंत कुमार, किरण शुक्ला, दिलीप पोद्दार, पप्पू शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## मंईयां सम्मान योजना में स्थिति का संज्ञान लें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रदेश की माताएं-बहनें मंईयां सम्मान योजना में हो रही लापरवाहियों से सशंकित हैं। चार महीनों से लंबित किश्त का भुगतान न होने से इन महिलाओं का धैर्य अब जवाब देने लगा है। फॉर्म भरने और जानकारी प्राप्त करने के लिए अंचल कार्यालयों में जाने वाली महिलाओं को अव्यवस्था और लचर प्रणाली का शिकार होना पड़ रहा है। वार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि इस लचर रवैये ने सरकार की मंशा पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अविलंब स्थिति का संज्ञान लें और चार महीनों के लंबित किश्त भुगतान को सुनिश्चित करने के साथ मंईयां सम्मान योजना की प्रक्रिया को सरल बनायें, ताकि माताएं-बहनें आसानी से योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।




# भंडार में स्वास्थ्य शिविर में 200 मरीजों का मुफ्त इलाज

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** प्रखंड के भंडार ग्राम पंचायत में मल्टी फॉर्टिज हॉस्पिटल की ओर से रविवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 200 से भी ज्यादा मरीजों का मुफ्त में इलाज कर दवा दी गई। डॉ मनीष कुमार व सरफराज अंसारी ने बताया कि शिविर में ज्यादातर मरीज बीपी, शुगर, घुटनों के दर्द, हर्निया, अपेंडिस आदि बीमारियों से ग्रसित थे। सभी को जांचोपरांत उपचार किया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन शिक्षाविद अशोक पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिये विश्रामपुर प्रखंड के नौगढ़ा में खुला मल्टी फॉर्टिज हॉस्पिटल कारगर साबित हो रहा है।हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा ग्रामीण इलाकों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा पहुंचना एक बड़ी उपलब्धि है। श्री पांडेय ने इस कार्य के लिये हॉस्पिटल प्रबन्धन की सराहना की। हॉस्पिटल के चेयरमैन नितेश पाठक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हॉस्पिटल खोलने का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को न्यूनतम राशि में बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मल्टी फॉर्टिज हॉस्पिटल आधुनिक सुविधाओं से लैस है। दर्जन भर विशेषज्ञ चिकित्सक यहां अपनी सेवा दे रहे हैं। एंबुलेंस से लेकर सभी तरह के जांच की सुविधा यहां उपलब्ध है। मौके पर रीना दुबे, रानी कुमारी, संगीता कुमारी, नाईस गंगा, प्रदीप ओझा, तौकीर आलम, शिवरंजन कुमार, देवेंद्र पाठक सहित कई अस्पतालकर्मी और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पुलिस ने कुएं से बरामद किया शव

**रमना :** पुलिस ने थाना क्षेत्र के बहियार खूर्द गांव निवासी 40 वर्षीय एजाजत अंसारी का शव शनिवार की देर शाम सुरंगी पहाड़ के कुछ दूरी पर स्थित कुंआ से बरामद किया है। मृतक का हाथ व पैर बांधा हुआ था। इस मामले में एजाजत अंसारी की पत्नी सलमा बीबी ने थाना को लिखित आवेदन देकर गांव के ही गुलाम मुस्तफा, इम्तेयाज अंसारी, सुहैल अंसारी, एहसान अली, गुलाम नबी, परवेज अंसारी एवं उनके परिवार वालों पर अपने पति की हत्या कर शव को छिपाने के लिये सुनसान पहाड़ी के पास कुंआ में फेंकने आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी सलमा बीबी के लिखित आवेदन के आधार पर रमना थाना ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार एजाजत शुक्रवार की रात 10 बजे अपने घर से एक किलोमीटर दूर मुख़्तार अंसारी के घर मिलाद में शामिल होने गया था। मिलाद के बाद वह 11 बजे जमाल अंसारी के साथ घर आ रहा था, रास्ते में जमाल अपने घर रूक गया और एजाजत अंसारी अपने घर आने लगा। इसी दौरान जमाल अंसारी द्वारा गुलाम मुस्तफा को एजाजत के पीछे बाईक से जाते देखा गया। लेकिन सुबह तक एजाजत अंसारी के घर नहीं पहुंचने पर उसके परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू किया गया। जिसके बाद एजाजत का शव शनिवार की देर शाम सुरंगी पहाड़ से कुछ दूर स्थित कुंआ से बरामद किया गया। मृतक की पत्नी के अनुसार गुलाम मुस्तफा व उनके परिवार वालों से जमीन का विवाद चल रहा है और इस मामले को लेकर कुछ दिन पहले गुलाम मुस्तफा के परिवार वालों द्वारा उन लोगों के साथ मारपीट भी की गयी थी, जिसका केस रमना थाना में किया था। जिसके बाद गुलाम मुस्तफा आदि द्वारा एजाजत अंसारी को जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

## सियासत

### झूठ-फरेब और अनर्गल बयानबाजी छोड़ें सत्येन्द्र

# जनता की जिम्मेवारियों पर ध्यान दें विधायक : झामुमो

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी अभी भी चुनावी मोड से बाहर नहीं आ पाये हैं। उन्हें ज्ञात होना चाहिये कि वे अब इस क्षेत्र के विधायक बन चुके हैं। अतः दूसरों पर अनर्गल बयानबाजी एवं जनता के बीच झूठ-फरेब परोसने के बजाय उन्हें अब क्षेत्र की समस्याओं एवं जनता की जिम्मेदारी पर ध्यान देना चाहिये। जनता ने पुनः उन्हें इसीलिये मौका दी है। ताकि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं पर काम हो न कि उनके द्वारा पूर्व के जनप्रतिनिधियों एवं उनके रिश्तेदारों पर लांछन लगाकर अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लें। झामुमो नेताओं ने रविवार को पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेस आयोजित कर उक्त बातें कही। जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान ने कहा कि सत्येंद्र नाथ तिवारी अफवाह फैलाकर, षड्यंत्र रचकर एवं झूठ-फरेब कर, जनता को गुमराह कर विधायक बनने में तो सफल रहे। परंतु जनता की आकांक्षाओं एवं जरूरत को पूरा करने में वह पूरी तरह से असफल साबित होंगे। अपने पुराने व्यवहार एवं चरित्र के अनुरूप वह पुनः पांच वर्षों तक जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने-खसोटने का काम करेंगे। जिसका प्रयास भी उन्होंने शुरू कर दिया है। विधायक श्री तिवारी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को रोककर संवेदकों को अपने पास मिलने के लिये बुला रहे हैं। जबकि काम में किसी तरह की त्रुटि होने पर वे अपने लेटर पैड के माध्यम से उसकी जांच करा सकते हैं। उनका मकसद सिर्फ संवेदक से कमीशन वसूली कर अपना जेब भरना है। उन्होंने कहा कि श्री तिवारी विकास कार्यों की बजाय अपना पूरा कार्यकाल बतौलाबाजी में ही बिताने वाले हैं। वे संवेदकों पर ठेका प्रकिया में फर्जी कागजात लगाने का आरोप लगा रहे हैं। जबकि उन्हें अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिये। उन्होंने विधायक रहते हुये अपनी मां के नाम से कंपनी बनाकर अलकतरा घोटाला किया, दो वर्ष जेल में रहे तथा बाद में अपने बहनोई को कंपनी का निदेशक बनाकर फंसा दिया। उनकी कंपनी को माननीय उच्च न्यायालय ने घोटाला में दोषी साबित किया है। परंतु अपने अव्यवहारिक चरित्र के लिये प्रचलित विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास करने की बजाय लूटने-खसोटने के जुगाड़ में लगे हुये हैं। बालू के मुद्दे पर भी श्री तिवारी ने विपक्ष में रहते हुये दोहरा नीति अपनाया हुआ था। जब ट्रैक्टर वाले बालू की सप्लाई जनता के बीच शुरू करते तब वे बालू आपूर्ति रोकने के लिये प्रेसवार्ता आयोजित कर प्रशासन पर दबाव बनाया करते थे। जिससे दबाव में आकर प्रशासन ट्रैक्टरों को रोक देती थी। इस तरह जब बालू आपूर्ति रुक जाती थी तो पुनः वह जनता के बीच हल्ला करते की मिथिलेश ठाकुर के कार्यकाल में बालू नहीं मिल रहा है। ऐसे दोहरे चरित्र के व्यक्ति से गढ़वा की जनता हमेशा परेशान रहेगी। मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, रोशन पाठक, प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, आशीष गुप्ता, अनिल चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## एसएसपी किशोर कौशल ने स्कूली बच्चों संग मनाई पिकनिक



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र डुमरिया के लखईडीह गांव के 215 बच्चों के साथ पिकनिक मनाई। ये बच्चे नेताजी सुभाष आवासीय विद्यालय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र हैं। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को जमशेदपुर के टाटा स्टील चिड़ियाघर घुमाया गया। चिड़ियाघर भ्रमण के दौरान बच्चों ने वन्यजीवों को नजदीक से देखा और उनके बारे में कई नई जानकारियां हासिल की। एसएसपी ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनसे विभिन्न विषयों पर बातचीत की। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर उत्साह और खुशी देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का भी वितरण किया गया। इसके साथ उन्हें शिक्षा के महत्व और अनुशासन के प्रति जागरूक किया गया। इस आयोजन से बच्चों के साथ-साथ उनके शिक्षकों और पुलिस कर्मियों ने भी आनंद लिया। एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल बच्चों को प्रेरित करते हैं, बल्कि पुलिस और समाज के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने का माध्यम भी बनते हैं। एसएसपी ने कहा कि इस पहल को समाज के विभिन्न तबकों से सराहना मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए इस तरह के आयोजन उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय प्रयास हैं। जमशेदपुर पुलिस की यह पहल सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है।

## मृतक अमीन के परिजन को मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग

**गढ़वा :** झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर ने झारखंड सरकार से लोहरदगा नगर परिषद में कार्यरत अमीन धर्मेंद्र सिंह की उत्तराधिकारी को सरकारी नौकरी एवं उचित मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में श्री ठाकुर ने झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव को आवेदन सौंपकर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुये झारखंड सरकार से पहल करने का आग्रह किया है। सौंपे गये आवेदन में श्री ठाकुर ने कहा है कि गढ़वा जिला के जड़गड़ ग्राम निवासी आदिवासी परिवार के धर्मेंद्र सिंह (35 वर्ष) नगर परिषद कार्यालय लोहरदगा में संविदा के आधार पर अमीन के पद पर कार्य थे। गत छह दिसंबर को रांची रिम्स में हृदय गति रुक जाने के कारण उनकी मौत हो गई। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। उनकी पत्नी मंजू देवी एवं तीन वर्षीया पुत्री नीतू कुमारी के भरण पोषण का अब कोई सहारा नहीं है। इस मामले पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मृतक अमीन की पत्नी को सरकारी नौकरी एवं उचित मुआवजा उपलब्ध कराना जनहित में आवश्यक है। श्री ठाकुर ने बताया कि झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रतिनिधि मंडल के रूप में उन्होंने मृतक अमीन के घर संघ के गढ़वा जिला अध्यक्ष नवल किशोर तिवारी, कृष्ण मिस्त्री, सुकरान सिंह आदि के साथ पहुंच कर दुख की घड़ी में परिजनां को सांत्वना दिया। साथ ही नौकरी एवं सरकार द्वारा उचित मुआवजा को लेकर जिला प्रशासन एवं सरकार तक मांग पहुंचने का आश्वासन दिया है।

## जमीन की लूट-खसोट करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : दीपक बिरूवा




**खूंटी।** राज्य के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग और परिवहन मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि जमीन की लूट-खसोट करने वालों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा। इस मामले में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री बिरूवा रविवार को चाईबासा से रांची जाने के क्रम में कुछ देर के लिए खूंटी में रुके थे। इस दौरान वह पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। इसके पूर्व दीपक बिरूवा के खूंटी पहुंचने पर झामुमो और कांग्रेस के कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। मंत्री ने बिरसा कॉलेज स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया। मौके पर पत्राकारों से बातचीत करते हुए दीपक बिरूवा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन पर विश्वास कर बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। हमारा प्रयास होगा कि सरकार के संकल्प और सोच को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम गाड़ी योजना को और मजबूत बनाया जाएगा, ताकि वृद्धों, दिव्यांगों, महिलाओं, विद्यार्थियों और झारखंड आंदोलनकारियों अपने गांव-घर से जिला या प्रखंड मुख्यालय अथवा स्कूल-कॉलेज जाने में कोई परेशानी न हो। मंत्री ने कहा कि सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की जायेगी और आगे की योजना के अनुसार का किया जाएगा। मौके पर मुखिया जोनसन होरो, हालेन तोपनो, सनिका बोदरा, डिक्सन पूर्ति, दुबराज मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## गरीबों की उम्मीद की किरण बना कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी

# करायेगा 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी गरीब, असहाय एवं अनाथ कन्याओं की शादी के लिये उम्मीद का किरण बन गया है। जिले में आगामी एक मार्च 2025 को दानरो नदी तट पर 251 कन्याओं की नि:शुल्क सामूहिक विवाह कराया जायेगा। इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। सोसाईटी के सचिव विकास कुमार माली ने रविवार को शहर के कचहरी रोड स्थित होटल विकास इन में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विवाह समारोह में हिंदू और मुस्लिम कन्याओं के लिये अलग-अलग हिंदू व मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार शादी करायी जायेगी। श्री माली ने बताया कि संस्था की ओर से बिहार, झारखंड में अब तक 14 हजार से अधिक गरीब, असहाय और अनाथ कन्याओं की शादी करायी जा चुकी है। उनकी संस्था समाज के उन वर्गों की मदद के लिये समर्पित है जो दहेज प्रथा और गरीबी के कारण अपनी बेटियों की शादी करने में असमर्थ होते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी सामूहिक विवाह का आयोजन एक भव्य समारोह के रूप में होगा। इसमें स्थानीय प्रशासन, समाज सेवियों और शुभचिंतकों का सहयोग लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि सोसाईटी का कार्य सिर्फ विवाह कराने तक सीमित नहीं है। यह संस्था दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिये भी काम कर रही है। इसके अलावा, संस्था गरीब और अनाथ बहनों को शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी मार्गदर्शन देती है। इससे पूर्व वर्ष 2023 में संस्था की ओर से गढ़वा में 151 कन्याओं की सामूहिक विवाह करायी गई थी। श्री माली ने समाज के लोगों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में मौजूद ऐसी कन्याओं को संस्था से पंजीकृत कराएं, जो विवाह योग्य हैं। लेकिन संसाधनों के अभाव में उनकी शादी नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी कार्यक्रम के लिये दानरो नदी तट पर तैयारियां जल्द शुरू की जायेगी। यह आयोजन न केवल सामाजिक एकजुटता का उदाहरण होगा, बल्कि गरीब और असहाय परिवारों के लिये एक नई उम्मीद लेकर आयेगा। कार्यक्रम में कई सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल होंगे। मौके पर बिहार-झारखंड के जांच पदाधिकारी अवधेश पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

# परहिया जनजाति के लोग नदी नाले के पानी से बुझा रहे प्यास

### आज भी विलुप्त प्राय: जनजाति के टोले घाटतर नहीं पहुंचा शुद्ध पेयजल

बंशीधर न्यूज



**विश्रामपुर :** प्रखंड के सबसे अंतिम व उतरी छोर पर दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसा आदिवासी बहुल पंचायत घासीदाग के घाटतर टोले पर करीब 20 घर विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके परहिया जनजाति परिवार के लोग रहते हैं। वहां पेयजल की किल्लत को देखते हुये पूर्व मुखिया ने अपने कार्यकाल में एक सोलर आधारित ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत जलमीनार लगाया था, जो काफी दिनों से खराब पड़ा है। जिससे उस टोले पर पेयजल का भारी किल्लत हो गया है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल नल योजना के माध्यम से भी वहां इसबार कोई जलमीनार नहीं लगाया गया। जबकि हर घर को शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिये सरकार कृत संकल्पित है। बावजूद वहां के लोग नदी नाले के पानी पीने को मजबूर हैं। भाजपा के वरीय नेता धर्मदेव सिंह यादव ने इसकी शिकायत डीसी से करने की बात कही है, ताकि उस टोले पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।



## 'पुष्पा-2' ने की पहले तीन दिन में रिकॉर्ड कमाई, 500 करोड़ रु. पार

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा-2' इस समय बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड बना रही है। पिछले कुछ दिनों से दर्शक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। 'पुष्पा' का पहला भाग वर्ष 2021 में रिलीज हुआ था। इसके बाद करीब 3 साल बाद आई 'पुष्पा-2' बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। 'पुष्पा-2' के मौजूदा कलेक्शन को देखकर साफ है कि फिल्म जल्द ही 400 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो जाएगी। अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2 ने ओपनिंग डे पर ही सारे रिकॉर्ड तोड़कर पूरे भारत में पहले दिन 164.25 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की। इसके बाद दूसरे दिन फिल्म की कमाई कुछ कम हुई। 'पुष्पा 2' ने दूसरे दिन 93.8 करोड़ का कलेक्शन किया, लेकिन तीसरे दिन ये आंकड़ा एक बार फिर सौ करोड़ के पार पहुंच गया है। पुष्पा 2 ने तीसरे दिन 115 करोड़ की शानदार कमाई की है। अब भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन 383.7 करोड़ है। इससे साफ है कि फिल्म जल्द ही 400 करोड़ की कमाई कर लेगी। फिल्म 'पुष्पा-2' ने दुनियाभर में 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही फिल्म ने शुरूआती तीन दिनों में ही अपनी लगत वसूल कर ली है। 'पुष्पा-2' तीसरे सीक्वल की शुरूआत के साथ समाप्त होती है। इससे पुष्टि होती है कि तीसरा पार्ट आ रहा है। तीसरे सीक्वल का नाम पुष्पा द रैम्पेज होगा। इस तीसरे भाग में दूसरे सीक्वल से ज्यादा समय लगेगा। पुष्पा-3 का प्रोडक्शन शुरू होने में कम से कम 4 साल लगेंगे। पुष्पा द रैम्पेज की शूटिंग 2028 या 2029 में शुरू होने की संभावना है।

## फिल्म निर्माता सुभाष घई की तबीयत बिगड़ी, भर्ती



मशहूर डायरेक्टर, प्रोड्यूसर सुभाष घई को मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कमजोरी महसूस होने और हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक घई को आईसीयू से निकाल कर बाहर डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है। अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम सुभाष घई के स्वास्थ्य पर निगरानी रखे हुए है। लीलावती अस्पताल के अनुसार सुभाष घई की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उन्हें आईसीयू से बाहर लाया गया है। इस बीच सुभाष घई के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि अब सुभाष घई की हालत ठीक है। बुधवार को सुभाष घई को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, कमजोरी महसूस हुई और बार-बार चक्कर भी आने लगे। उन्हें बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक बाद में उन्हें आईसीयू से बाहर लाया गया। डॉ नितिन गोखले, डॉ. जलील पार्कर, डॉ. विजय चौधरी जैसे विशेषज्ञ डॉक्टर सुभाष घई का इलाज कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुभाष घई शुरू से ही एक्टर बनना चाहते थे, लेकिन उनकी किस्मत का पहिया ऐसा घूमा कि एक्टर बनने की चाहरखने वाले सुभाष घई ने कई एक्टर्स को सुपरस्टार बना दिया। राज कपूर के बाद सुभाष घई को बॉलीवुड का दूसरा शोमैन माना जाता है। सुभाष घई ने अपने दशकों लंबे करियर में लगभग 16 फिल्मों का निर्देशन किया है, जिनमें से 13 सुपरहिट रहीं। वर्ष 2006 में उन्हें फिल्म 'इकबाल' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2004 में रिलीज हुई ऐतराज का निर्देशन सुभाष घई ने नहीं किया था, लेकिन उन्होंने फिल्म का निर्माण किया था। हाल ही में सुभाष घई ने फिल्म के सीक्वल की भी घोषणा की थी। जिसमें कहा गया था कि वे अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर की जगह नए चेहरे लाएंगे।

**पटना में नवनिर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार**



# भाजपा का सदस्यता अभियान संगठन का महापर्व : पुरंदेश्वरी

### भाजपा का सदस्यता अभियान 22 से होगा शुरू

बंशीधर न्यूज




**रांची।** विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में स्थगित भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता संगठन महापर्व अब 22 दिसंबर से विधिवत प्रारंभ होगा। इसके पूर्व पार्टी ने रविवार को नगड़ी रांची स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से सदस्यता दिलाने की चरणबद्ध तरीकों को समझाया गया। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश सदस्यता अभियान की प्रभारी और सांसद डी पुरंदेश्वरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, प्रमंडल प्रभारी, सदस्यता महापर्व की प्रदेश टोली, सभी सात मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला सदस्यता प्रभारीगण और सदस्यता महापर्व की जिला टोली मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन सदस्यता महापर्व के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड की सदस्यता प्रभारी, आंध्रप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष और सांसद डी पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा का सदस्यता कार्यक्रम अभियान नहीं, बल्कि संगठन महापर्व है। भाजपा यह संगठन महापर्व अन्य पर्व की तरह अपने विशाल परिवार के साथ मनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पार्टी ने वर्ष 2014 में ऑनलाइन के माध्यम से सदस्यता कार्यक्रम को प्रारंभ किया था। इसमें पूरे देश में नौ करोड़ सदस्य बने थे। आज चार राज्यों जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड को छोड़कर, जिसमें विधानसभा चुनाव के कारण सदस्यता कार्यक्रम स्थगित था। इसके बावजूद पार्टी ने अबतक देश भर में 11 करोड़ के लक्ष्य को पार करते हुए 11.35 करोड़ सदस्य बना लिए हैं। उन्होंने कहा कि चार राज्यों में सदस्यता अभियान पूरी होने के बाद यह संख्या 14 करोड़ तक जा सकती है। पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जो ठान लेते हैं उसे पूरा कर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विचारों और कार्यकताओं की धनी पार्टी है। हमारे पास देश के लिए जीने मरने का जज्बा है। साथ ही कहा कि सदस्यता पर्व के माध्यम से हम प्रत्येक बूथ के प्रत्येक घर तक पहुंचना है।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व के बाद अब पार्टी संगठन महापर्व में जुट गई है। संगठन महापर्व का लक्ष्य सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी भाजपा का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता ने पार्टी को पूरा आशीर्वाद दिया है। भले हम विधानसभा चुनाव में संख्या बल में पीछे रह गए लेकिन 59 लाख लोगों का समर्थन भाजपा को मिला है। साथ ही कहा कि चुनाव एक पड़ाव है लेकिन हम जनता के बीच बार-बार जायेंगे। अपनी नीतियों कार्यक्रमों के माध्यम से जायेंगे। प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। उन्होंने कहा कि यह सदस्यता महापर्व का कार्यक्रम मजबूत और संघर्षशील भाजपा बनाने का अवसर है। साथ ही कहा कि यह पर्व कार्यकताओं का समाज से संपर्क-संबंध बढ़ाने का अवसर है। यह पर्व नए नेतृत्व को भी गढ़ता है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि सदस्यता संगठन महापर्व के माध्यम से हमें प्रदेश भर में भाजपा की नई राजनीतिक सुगंध को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह पर्व लोकसंग्रह और शक्ति संचय का भी पर्व है। साथ ही सदस्यता के लिए सभी वर्ग, समाज और प्रबुद्ध जनों तक जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी मोर्चा अपने अपने क्षेत्रों में इसका विशेष ध्यान रखें तो काफी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

## हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में ताजा बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम का मिजाज बदल गया है।



राज्य के उच्च पर्वतीय व पहाड़ी क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, शिमला, सिरमौर और चम्बा जिलों के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फ गिर रही है। अटल टनल रोहतांग में भी बर्फबारी जारी है। कुल्लू जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए सैलानियों व लोगों से मौसम के दौरान ऊंचे स्थानों का रुख न करने की अपील की है। शिमला जिला के चौपाल में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। इससे बागवानों व पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं। यहां लोगों को लंबे समय से बर्फबारी का इंतजार था। इसी तरह शिमला से सटे ठियोग और नारकंडा में भी हल्की बर्फबारी हो रही है। वहीं शिमला शहर में सर्द हवाएं चल रही हैं, जिससे लोग ठिठुर रहे हैं। देर रात राज्य के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी होने का अनुमान है। इस बर्फबारी से पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। यह बर्फबारी पर्यटन के लिहाज से अहम मानी जा रही है। इससे पहाड़ी इलाकों में सर्दी का असर भी बढ़ गया है। हालांकि राज्य के मैदानी इलाकों में मौसम सामान्य बना हुआ है और यहां बारिश की कोई संभावना नहीं है। हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, ऊना और मंडी जिलों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे यानी नौ दिसम्बर को पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में वर्षा होने की संभावना है।

Hit लिस्ट

## शीतकाल में चारधाम यात्रा की नई पहल, शुभारंभ

**देहरादून।** उत्तराखंड के चार धामों के दर्शन अब श्रद्धालु अब शीतकाल में भी कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने तमामव्यवस्थाएं कर रखी हैं। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचकेदारों के गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से चारों धामों की



शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा के पहले दिन ही उखीमठ में श्रद्धालुओं की खासी संख्या देखने को मिली, जिससे यात्रा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन के साथ अब शीतकालीन यात्रा से श्रद्धालुओं को न केवल चारों धामों के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यवसायियों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे शीतकालीन यात्रा के दौरान चारों धामों में दर्शन के लिए अवश्य आएं और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक शैला रानी रावत, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार आदि उपस्थित थे।

## अक्रोश सभा में प्रचंड प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में



रविवार को दिल्ली से सटे गाजियाबाद में हुई अक्रोश सभा में हिन्दू समाज में उबाल में आ गया। यहां पर हिन्दू समाज के लोगों ने न केवल विरोध प्रदर्शन किया, बल्कि आक्रोशित हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश के अंतरिम सरकार की शव यात्रा निकालकर पुतला भी फूंका। इस्कान के संत चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई की मांग की। इससे पहले हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने कविनगर रामलीला मैदान में आक्रोश सभा का आयोजन किया।

**सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 रन, केएल राहुल सात रन, शुभमन गिल 28 रन, विराट कोहली 11 रन और कप्तान रोहित शर्मा छह रन बनाकर आउट**

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम को 10 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले गए दूसरे टेस्ट (डे-नाइट) मैच में भारतीय टीम को 10 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने बिना कोई विकेट गंवाए आसानी से हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर हो गई है। सीरीज का पहला टेस्ट भारतीय टीम ने 295 रन से अपने नाम किया था। मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पहली पारी में 180 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए और 157 रनों की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 175 रन बनाए



और 18 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह मेजबान टीम को 19 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बिना कोई नुकसान के जीत दर्ज कर ली। सलामी बल्लेबाजी उस्मान ख्वाजा नौ रन और नाथन मैकस्वीनी 10 रन बनाकर नाबाद रहे। सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा।

**भारत की दूसरी पारी :** भारतीय टीम ने रविवार को पांच विकेट पर 128 रन से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन के पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। ऋषभ पंत स्लिप में कैच आउट हो गए। पंत ने 28 रन बनाए। इसके बाद रविचन्द्रन अश्विन भी कुछ खास नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हो गए। हर्षित राणा खाता भी नहीं खोल सके। नीतीश रेड्डी ने जरूर बल्ले से कुछ रन बटोरे। वह अर्धशतक से चूक गए और 47 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में मोहम्मद सिराज सात रन बनाकर आउट हुए और भारत की दूसरी पारी 175 रन पर सिमट गई। इससे पहले शनिवार को दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 रन, केएल राहुल सात रन, शुभमन गिल 28 रन, विराट कोहली 11 रन और कप्तान रोहित शर्मा छह रन बनाकर आउट हुए थे।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस ने पांच विकेट झटके, जबकि स्कॉट बोलैंड को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड ने 141 गेंदों पर 17 चौके और 4 छक्के की बदौलत 140 रन बनाए। हेड के अलावा मार्नश लाबुशेन ने भी 64 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा नाथन मेकस्विनी ने 39 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)